भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +4656
सोमवार, **22** जुलाई, 2019/**31** आषाढ़, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

तेलंगाना में पर्यटन सर्किट हेतु सलाहकार की नियुक्ति

+**4656.** डॉ॰ जी॰ रणजीत रेड्डीः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने तेलंगाना में हैदराबाद-नलगोंडा-वारंगल-करीमनगर-आदिलाबाद सर्किट के लिए एक राष्ट्रीय स्तर के परामर्शदाता की नियुक्ति की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और परामर्शदाता की नियुक्ति कब तक की जायेगी;

(ग) उपरोक्त सर्किट को विकसित करने के लिए कितना खर्च किए जाने की संभावना है;

(घ) क्या सरकार ने उक्त सर्किट को विकसित करने के लिए कोई कार्य योजना तैयार की है; और

(ङ) उक्त सर्किट के कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (ङ) : राज्यों/ संघ राज्यक्षेत्रों (यूटी) में स्थलों को पर्यटक आकर्षणों/ गंतव्यों/ परिपथों के रूप में विकसित किए जाने का निर्णय संबंधित राज्य सरकारों/ संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा लिया जाता है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन योजना-थीम आधारित पर्यटक परिपथों का एकीकृत विकास के अन्तर्गत देश में चिह्नित पर्यटन परिपथों में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/ संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को केन्द्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है। परियोजनाओं के परियोजना प्रस्ताव और विस्तृत परियोजना रिपोर्टें राज्य सरकारों/ संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा तैयार की जाती हैं।

स्वदेश दर्शन योजना के अन्तर्गत, मंत्रालय ने तेलंगाना राज्य के लिए निम्नलिखित परियोजनाएं स्वीकृत की हैं:- (करोड़ रु. में)

क्र. सं.	परिपथ/स्वीकृति का वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि
1.	इको परिपथ **(2015-16)**	महबूबनगर जिला का एकीकृत विकास	**91.62**
2.	जनजातीय परिपथ **(2016-17)**	मुलुगु- लकनावरम- मेदावरम- तडवई- दमारवी- मल्लूर- बोगाथा जलप्रपात का एकीकृत विकास।	**83.88**
3.	विरासत परिपथ **(2017-18)**	कुतुब शाही विरासती पार्क-पैगाह का मकबरा- रेमण्ड का मकबरा- बेगम हयात बक्शी के मकबरे का विकास।	**99.42**
		कुल	274.92

****